TATKARE CHARITABLE TRUST, KOLAD
DR. SHREE. NANASAHEB DHARMADHIKARI
Kolad – Gove, Tal – Roha, Dist – Raigad, Pin – 402304,
Register No E-536 ( Raigad ) Date – 19/8/2006.
Email ID – dr.snd.acsc.kolad288@gmail.com / Principal Mob. No. 8983512652
CHAIRMEN :AVADHUT ANIL TATKARE SECRETORY : SANDEEP ANIL TATKARE PRINCIPAL: Dr.MUNDE SHANKAR S.

3.1.1 Grants received from Government and non-governmental agencies for research projects / endowments in the institution during the last five years (INR in Lakhs)

3.1.2 Percentage of departments having research project funded by Government and non-governmental agencies during th last five years.

# INDEX


| SR.NO. | TOPICS | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 1 | COMMITTEE REPORT | 1-2 |
| 2 | FUNDING SANCTION LETTER | 2-4 |
| 3 | FUNDING RECEIPT | 5-7 |
| 4 | E-COPIES FOR RESEARCH PROJECT 2017-18 | 8- 43 |


ICT Dr. SND Arts, Com & Science College Gove - Kolad
KOLAD

PRINCIPAL
T.C.T.S.
Arts, Com & Science College
Kolad, Tal -Roha, Dist.-Raigad

| Minor Research Grant for the Year 2017-18 Apex Commitee Report | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Marathi | | | | | |
| **Sr. No.** | **Proposal No.** | **Name of Teacher** | **College Name** | **Approved / Unapproved Teacher** | **Grant Sanctioned by Scrutining Committee** |
| 1 | A-83 | Dr. Shekade Vasant Sitaram | Phondaghat Education Society's Arts & Commerce College, Taluka -Kankavli, Dist-Sindhudurg.- 416 601 | Approved | 40000 |
| 2 | A-95 | Dr. Kamat Satish Narayan | Phondaghat Education Society's Arts & Commerce College, Taluka -Kankavli, Dist-Sindhudurg.- 416 601 | Approved | 25000 |
| 3 | R-467 | Shankar Munde | Tatkare Charitable Trust, Dr. Shree Nanasaheb Dharmadhikari Arts, Commerce & Science College, Kolad- Gove, Tal- Roha, Dist- Raigad-402 304. | Approved | 40000 |

| Minor Research Grant for the Year 2017-18 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Rural Development** | | | | | |
| **Sr. No.** | **Proposal No.** | **Name of Teacher** | **College Name** | **Approved\ Unapproved** | **Grant Sanctioned** |
| 1 | A-99 | Dr. A.N. Patil | Gokhale Edu. Soc. Arts, Commerce & Science College Jawhar, Dist- Palghar - 401 603. | Approved | 90,000 |
| 2 | S-175 | Dr. Vinda Manjramkar | B.N. Bandodkar College of Science Jandweep chendani, Thane West. 400 601. | Approved | 90,000 |

| Minor Research Grant for the Year 2017-18 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Hindi** | | | | | |
| **Sr. No.** | **Proposal No.** | **Name of Teacher** | **College Name** | **Approved\ Unapproved** | **Grant Sanctioned** |
| 1 | S-352 | Dr. Gautam B. Sonkamble | Chikitsak Samuhas `s Sir Sitaram and Lady Shantabai Patkar College of Arts and Science and V.R.Varde College of Commerce and Economics, S.V. Road, Goregaon (West), Mumbai 400 062. | Approved | 30,000 |
| 2 | R-19 | Prof. Amalpure Suryakant Vishwanath | Tatkare Charitable Trust, Dr. Shree Nanasaheb Dharmadhikari Arts, Commerce & Science College, Kolad- Gove, Tal- Roha, Dist- Raigad-402 304. | Approved | 28,000 |

# University of Mumbai

**Research Project No: 44**

| | |
|---|---|
| **NAME OF THE RESEARCHER** | **: Prof. Amalpure Suryakant Vishwanath** |
| **LECTURE IN** | **: Hindi** |
| **AMOUNT SANCTIONED** | **: Rs. 28,000/-** |

---

Ref No. APD/237/323of 2018
27th March, 2018

To,
The Principal,
Tatkare Charitable Trust, Dr. Shree Nanasaheb
Dharmadhikari Arts, Commerce & Science College,
Kolad- Gove, Tal- Roha, Dist- Raigad-402 304.

Sub: - **Minor Research Grant Project.**

Sir/Madam,

I am directed to inform you that the said proposal has been considered by the University and the research grant as quoted above is sanctioned to the researcher.

The sanctioned amount will be disbursed in two installments. The first installment of 40% of the sanctioned amount will be disbursed within the month of March. The remaining 60% amount will be disbursed up to 31st August, 2018.

The researcher is expected to spend 60% amount initially from his/her own resources to carry out the work.

Further, I am to inform you that the researcher will have to utilize the 40% sanctioned amount on or before 31st March, 2018 and submit original bills/vouchers of the expenditure alongwith Utilization Certificate duly certified by the Principal/ Director/ Head/Institute/University Department of the College to the Accounts Section of University.

Please note that 60% balance amount out of sanctioned grant will be released after presentation of your proposal & final approval of the committee. You need to submit utilization certificate after presentation of your research and final approval of 60% grant including bills/vouchers/receipts in original through University Accounts Section.

The report of the research work carried out by the concerned researcher will have to be submitted to the University on or before 31st August 2018.

The Principal/Head of the Institute are requested to inform the researcher accordingly and arrange to forward his/her undertaking immediately to enable this office to release first installment of the research grant.

Yours faithfully,

Assistant Registrar
(Academic Planning & Development)

KOLAD

# University of Mumbai

**Research Project No: 24**

**NAME OF THE RESEARCHER** : **Shankar Munde**
**LECTURE IN** : **Marathi**
**AMOUNT SANCTIONED** : **Rs. 40,000/-**

---

Ref No. APD/237/323of 2018
27th March, 2018

To,
The Principal,
Tatkare Charitable Trust, Dr. Shree Nanasaheb
Dharmadhikari Arts, Commerce & Science College,
Kolad- Gove, Tal- Roha, Dist- Raigad-402 304.

Sub: - **Minor Research Grant Project.**

Sir/Madam,

I am directed to inform you that the said proposal has been considered by the University and the research grant as quoted above is sanctioned to the researcher.

The sanctioned amount will be disbursed in two installments. The first installment of 40% of the sanctioned amount will be disbursed within the month of March. The remaining 60% amount will be disbursed up to 31st August, 2018.

The researcher is expected to spend 60% amount initially from his/her own resources to carry out the work.

Further, I am to inform you that the researcher will have to utilize the 40% sanctioned amount on or before 31st March, 2018 and submit original bills/vouchers of the expenditure alongwith Utilization Certificate duly certified by the Principal/ Director/ Head/Institute/University Department of the College to the Accounts Section of University.

Please note that 60% balance amount out of sanctioned grant will be released after presentation of your proposal & final approval of the committee. You need to submit utilization certificate after presentation of your research and final approval of 60% grant including bills/vouchers/receipts in original through University Accounts Section.

The report of the research work carried out by the concerned researcher will have to be submitted to the University on or before 31st August 2018.

The Principal/Head of the Institute are requested to inform the researcher accordingly and arrange to forward his/her undertaking immediately to enable this office to release first installment of the research grant.

Yours faithfully,
S.K.Sawant

Minor Research.

बँक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

बारसगाव (कोलाड) शाखा, रायगड,महाराष्ट्र - 402304
Varasgaon(Kolad) Branch, Raigad Maharashtra - 402304
IFSC : BKID0001257

28000 × 40% = 11200/-

जारी करने की तारीख से 3 माह के लिए वैध VALID FOR 3 MONTHS FROM THE DATE OF ISSUE

18062018
D D M M Y Y Y Y

PAYEE'S A/C ONLY

Pay Suryakant V. Amalpure. या धारक को Or Bearer

रुपये Rupees Eleven Thousand Two Hundred only

अदा करें। ₹ 11200-00

| खा.सं. A/c No. | 125720110000095 |
|---|---|

चेक प्राप्तकर्ता की आधार संख्या (वैकल्पिक) Cheque receiver's AADHAAR number (optional)

TCT DR SHRI NANASAHEB DHARMADHIKARI ACS COLLEAGE K

Principal Please sign above Trustee
TCT Dr. Nanasaheb Dharmadhikari
ACS College, Gove - Kolad.

हमारी सभी शाखाओं पर समाशोधन में देय PAYABLE AT ALL OUR BRANCHES IN CLEARING

5597038 19-07-2017 00958191 SESHAASAI (M) / CTS-2010

⑈008191⑈ 402013534⑆ 000911⑈ 11

---

Minor Research Bill

बँक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

बारसगाव (कोलाड) शाखा, रायगड,महाराष्ट्र - 402304
Varasgaon(Kolad) Branch, Raigad Maharashtra - 402304
IFSC : BKID0001257

40000 × 40% = 16000/-

जारी करने की तारीख से 3 माह के लिए वैध VALID FOR 3 MONTHS FROM THE DATE OF ISSUE

18062018
D D M M Y Y Y Y

PAYEE'S A/C ONLY

Pay Shankar S. Munde. या धारक को Or Bearer

रुपये Rupees Sixteen Thousand only

अदा करें। ₹ 16000-00

| खा.सं. A/c No. | 125720110000095 |
|---|---|

चेक प्राप्तकर्ता की आधार संख्या (वैकल्पिक) Cheque receiver's AADHAAR number (optional)

TCT DR SHRI NANASAHEB DHARMADHIKARI ACS COLLEAGE K

Principal Please sign above Trustee
TCT Dr. Nanasaheb Dharmadhikari
ACS College, Gove - Kolad.

हमारी सभी शाखाओं पर समाशोधन में देय PAYABLE AT ALL OUR BRANCHES IN CLEARING

5597038 19-07-2017 00958190 SESHAASAI (M) / CTS-2010

⑈008190⑈ 402013534⑆ 000911⑈ 11

8/31/2020 New Doc 2019-10-23 11.12.59_2.jpg C.V. NO - 348

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

00480 WARASGAON
GANDHI BLDG
MUMBAI ROHA RD WARASGAON TAL ROHA
WARASGAON 402304
IFSCode : MAHB0000480

Date: 23102019 (D D M M Y Y Y Y)

Pay अदा करें Shankar Shivaji Mande Or Bearer

Rupees रुपये Twenty Four Thousand only या धारक को

₹ 24000/-

A/c No. खाता क्र. 60147781749

Principal Trustee

TCT DR. NANASAHEB DHARMADHIKARI ACS COLL EGE KOLAD
Authorised Signatory(s)
Please sign above

⑈060731⑈ 402014508⑆ 000876⑈ 10

PAID

PRINCIPAL
Nanasaheb Dharmadhikari
Arts, Commerce & Science College, Kolad
Tal. Roha Dist. Raigad

C.V NO - 349

New Doc 2019-10-23 11.12.59_1.jpg

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

00490 WARASGAON
GANDHI BLDG
MUMBAI ROHA RD WARASGAON TAL ROHA
WARASGAON 402304
IFSCode : MAHB0000483

23102019
D D M M Y Y Y Y

Pay Suryakant Vishwanath Amalpure Or Bearer

या धारक को

Rupees रुपये Sixteen Thousand Eight Hundred Only

₹ 16800/-

A/c No. 60147781749

Principal

Trustee

TCT DR. NANASAHEB DHARMADHIKARI ACS COLLEGE KOLAD

Signature(s)

⑈060733⑈ 402014508⑆ 000876⑈ 10

PAID

PRINCIPAL

TCT Dr. Nanasaheb Dharmadhikari
Arts, Commerce & Science College Gove - Kolad
Tal. Roha Dist. Raigad

# जनसंचार मध्यामोंका प्रभावी क्षेत्र समाचार लेखन : एक अध्ययन


१. प्रस्तावना

२. संशोधन का औचीत्य

३. संशोधन का महत्व एवं उद्देश

४. पूर्ववती शोध कार्य एवं शोध की सीमाएँ

५. संशोधन की प्रेरणा

६. जानसंचार माध्यम का स्वरूप

७. जनसंचार माध्यम के प्रकार

८. जनसंचार मध्यामोंका प्रभावी क्षेत्र समाचार लेखन : एक अध्ययन

८. अ.समाचार का अर्थ एवं स्वरूप

८. ब. समाचार निर्माण प्रक्रिया

१. प्रथम चरन

२. द्वितीय चरन

३. तृतीय चरन

८. क. विश्वस्तर पर हिंदी समाचार पत्र की भूमिका

८. ड. दूरदर्शन पर समाचार लेखन

८. इ. आकाशवाणी पर समाचार

८. ई. आधुनिक परिप्रेक्ष में समाचार लेखन

८. उ. समाचार लेखन की भाषा

८. ऊ. उपसंहार

९. संदर्भ ग्रंथ सूची

# जनसंचार माध्यमोंका प्रभावी क्षेत्र समाचार लेखन : एक अध्ययन

## १) प्रस्तावना

" खिंचो न कमानों को,न तलवार निकालो ।

जब तोफ मुकाबील हो , अखबार निकालो"। -१

आधुनिक युग में समाचार विश्व का स्पंदन बन गया है| वह जीवन का अनिवार्य तत्व बना है|सुबह से श्याम तक लोगों के हाथो में समाचार पत्र दिखाई देते है| कई लोगों की सुबह समाचार पत्र पढने से शुरुआत होती है| समाचार एक ऐसा माध्यम है जो सुबह गरमा – गरम चाय के साथ पुरी दुनिया , एवं राष्ट्र तथा समाज में घटीत सभी वर्गों की जानकारी चाय की चुस्की के साथ लिया जाता है| समाचार एक ऐसा सशक्त जनसंसार माध्यम है जो सभी लोगों के गले का हार बन गया है| सभी जनसंसार माध्यमो में समाचार एक ऐसा प्रभावी ओर विश्वसनीय माध्यम है जिसके कारण जन – जन के मन में घर करके बैठा है|

किसी भी राष्ट्र की उन्नती उस राष्ट्र के सामाजीकों की समय के अनुसार बदलती सोच ओर विचारणाओं पर निर्भर करती है| इसलिय मीडिया प्रत्येक गतीविधी ओर जीवन – धारा के अनसुलझे प्रश्नो , उनके कारणों तथा परीणामों के विषय में भी समाज को परिचित करता है|

प्रभू जोशी लिखते है – "अब अस्त्रो ओर उसकी किस्मे बदल गई है अब तमाम निपटारे, संस्कृतिके कुरुक्षेत्र में ही कर दिये जाते है । अब सत्ता का संकट हो या फिर आर्थिक संकट , इन्हे सांस्कृतिक संकट में बदल दिया जाता है ।यही संकट समाचार की दुनिया में भी उठ गया है ।अब सामाचारों की अपनी दुनिया में आम आदमी की की जगह बाजारवादने ले लिया है ।अब महाराष्ट्र में किसानों की खुदकुशी उनके लिये

उतने मायने नही रखती जिसने ग्लैमरस फैशन – शोज जो चैनल्स फैशन – शोज की बाईट्स अपने चैनल पर नही दिखाते उन्हे बाजार की दुनिया भी अनपढ ओर गॅवार चैनलों की श्रेणी में समझा जाने लागता है |" -२

## २) संशोधन का औचित्य

आज के आधुनिक युग में २१ वी शती में समाचार का महत्त्व अधिक है |वह जनसंचार प्रभावी माध्यम बन गया है |आज समाचार का नया संसार बन रहा है | इसमे अनेक आयाम जुड रहे है । उसकी परंपरागत छवी टूट रही है ।नया चेहरा आकार ले रहा है । समाचार अब चुतुर्दिक (NEWS) की खबर मात्र नही रह गया है । उसका पारंपारिक कार्य पाठक अथवा श्रोता को आसपास की दुनियामे कहाँ क्या हो रहा है से परिचित करवाना मात्र नही रह गया है । छः क कारोंके उत्तर ढूँढकर उन्हे शीर्षक , आमुख , कलेवर में वांधकर पत्रकार के कर्तव्य की इतिश्री नही हो जाती । समाचार पहले के भांती केवल मुद्रित , वाचिकमात्र नही रह गये है। न ही वे केवल पढे लिखोकी बपौती है । वस्तुत: समाचार सैद्धातिक , व्यावहारिक, सांस्कृतिक व तकनिकी रूप से संपूर्ण कायिक – मानसिक परिवर्तन से गुजर कर अभी भी गुजर रहा है।

समाचार पनघट और गाव की चौपाल से डाकिये की डाक के थैली मे से निकलकर आकाशवाणी सुनाता , दूर से दर्शन देता मानो मुठ्ठी में आ बैठा है । अब क्या करोगे मेरा यही सवाल रहा है । यदी समाचार के मुद्रित पत्रिकाओ , होर्डिग , नेट , सेल फोन आदि में नये नये चैनलो का धमाकेदार प्रवेश हुआ है क्योंकी सबसे पहले, सबसे तेज, ब्रेकिंग न्यूज 24 X 7 से लगातार प्रस्तुतीयाँ , विदेशी चैनलो का हिंदी संस्करण इन सभी ने समाचार का एक कोलाज हमारे सामने प्रस्तुत कर दिया है।

३) शोध का महत्व एवं उद्देश्य

समाचार सच का आईना है, लोकहित जन-जागृती तथा समाज के विकास का सशक्त मध्यम है । लेकीन जब यह सत्य, झूठ और कृत्रिम हो जाता है, या कहे कि सत्य का आईना धूंधला जाता है तो समाचार की अवधारणा पूर्णतः बदल जाती है । दुनिया मे संचार क्रांति के पश्चात सामाचारो की प्रकृती मे तेजी से परिवर्तन आया है| पूँजीवादी व्यवस्था मे बाजारवाद ने देखते - देखते समाचारो की दुनिया ही बदल डाली| पूँजीवादी व्यवस्था अंतर्गत समाचार निर्माण के नित नए कारखाने खूल गए। समाचार निर्माण की संपूर्ण पद्धति उनका आचारशास्त्र, समाचार कक्ष उनका भाषागत अंदाज बदलने के साथ हि यदि कहे तो समाचार का पूरा मिजाज ही बदल गया|यह ठीक है की परिवर्तन प्रकृतिक शाश्वत नियम है|बदलते युग ओर परिवेश के साथ मिडीया मे भी बदलाव आना स्वाभाविक है| आज के समाचार गरीब के बारे मे नही,ग्रोथ के बारे मे ज्यादा बाते करते है|शांती के वजाय युद्ध की ज्यादा चर्चा होती है| मानवीय शेअरिंग के बजाएं कंपनी शेयरों के उतार - चढ़ाव से समाचार संचलित होते है|आज हमे भूख को देखकर दहशत या भय पैदा नही होता बल्की भूख हमे आनंद ओर मोनोरंजन देती है|हमारी संवेदनहिनता की इससे चरम पराकाष्ठा ओर क्या होगी ? मौत के साये ओर मौतसे भी हमे घृणा नही होती वरन उनकी हमारे जीवन मे मॉग और भी बढ जाती है|जनसंचार का एक सशक्त माध्यम उसे बनकर ही अपनी श्रेष्ठाता को उजागर करना यही उद्देश है|

## ४) पूर्ववर्ती शोध कार्य एवं शोध सी सीमाएँ

समाचार लेखन पर इससे पूर्व अधिकांश मात्रा मे शोध उपलब्ध हो गया है| समाचार लेखन यह आधुनिक युग की देन होने के कारण समाचार लेखन पर ढेरों अनुसंधान कार्य हो चूका है फिर भी मेरा संशोधक वृत्तिवाला मन इस समाचार लेखन को पूरी साजेदारी एंव पूरा ज्ञान प्राप्त करता है इसलिये मैने यह विषय चूनकर इस समाचार लेखन को सत्य कि ओर से जाने का प्रयास है|

आज समाचार लेखन जनसंचार माध्यम का एक सशक्त माध्यम बनकर पनप रहा है क्यौंकि समाचार में वह ताकत है जो किसी तोफ या तलवार में नही मिलती सत्य की बाजू लेकर कलम के साथ कागजपर सत्य के अक्षर उतारना है तभी समाचार की प्रामाणिकता हमे .दिखाई देगी|समाचार समाज का दर्पण कहा गया है । जो दिखेगा वही पन्नेपर कलम से उतरेगा तो वही सच्चा समाचार लेखन होगा ।

शोध कि सिमाएँ अगर देखी जाएं तो यह सीमा राजनीतिक, सामाजिक , आर्थिक, स्थानिय, अपराध , खेलकुद, साहित्यिक एंव सांस्कृतिक व्यापार और वाणिज्य से लेकर आम – आदमी का जीवन इसमे निहित होगा ।

## ५) संशोधन की प्रेरणा

समाचार जनसंचार माध्यम का प्रभावी क्षेत्र है इससे गरीब से लेकर अमीर तक गाँव एंव मुहल्ले से लेकर दुनिया कि सफर तक का चित्रण होता है |चाहे वह सांकृतिक , राजकीय , धार्मिक , आर्थिक एंव साहित्य के क्षेत्रों हो |समाचार केवल सूचना ही नही देता बल्की हमारे जीवन मे एक बडा बदलाव लाने का भी प्रयास करता है|मनोरंजन के साथ साथ स्वास्थ्य तथा , नीती एवं भक्ति तथा शिक्षा भी हमे प्राप्त होती है|इसलिए समाचार लेखन २१ वी शती मे ही नही आनेवाली कई शती तक

प्रेरणादाई रहेगा । काल के संबंध मे वह मिल का पत्थर बन गया है ।ऐसे समाचार लेखन की खोज करना मेरे जैसे संशोधन कर्ता को बहुत ही मुश्किले पैदा हो जाती है फिर यह पहला प्रयास आपके सामने प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**६) जनसंचार माध्यम का स्वरूप**

आज के इस आधुनिक वैज्ञानिक युग में जनसंचार के मध्यामों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । जन संचार के माध्यमों ने विश्व के समस्त मानव जाती तथा उसके जीवन के प्रत्येक अंग को प्रभावित किया है । इस युग में शिक्षा ने विज्ञान ने जनसंचार के आधुनिक साधनों को जनसंचार के साधन संपूर्ण विश्व को नजदीक लाने में विशेष सफल हुए है । आज हम घर बैठे संम्पूर्ण विश्व में क्या चल रहा है इसकी जानकारी इन्ही मध्यामो के द्वारा ही हासील कर सकते है ।

**'जनसंचार'** शब्द अंग्रेजी के MASS COMMUNICATION का पर्यायी शब्द है । COMMUNICATION शब्द का निर्माण लॅटिन के COMMUNICATION से हुआ है । जिसका अर्थ है "किसी वस्तू या विषय का सबके लिए बराबर होना" अर्थात COMMUNICATION उस प्रक्रिया को कहा जाता है । जिसके द्वारा किसी विचार,जानकारी अथवा भाव को दुसरो तक पहूँचाने की प्रक्रिया जब सामुहिक रूप में होती है तो इसे जनसंचार MASS COMMUNICATION कहते है ।

जनसंचार शब्द में प्रचलित संचार शब्द संस्कृत के 'चर' धातू से बना है जिसका अर्थ होता है 'चलना' इस रूप में जनसंचार का अर्थ होगा आगे बढना, विचारो, सूचनाओं का सम्प्रेषण करना । विश्वस्तर पर हर जगह मानव समुदाय के बीच संदेशों, सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है इसके विभिन्न माध्यम हो सकते है । एक व्यकी से दूसरे व्यक्ती तक सूचनाओं संदेशों का सम्प्रेषण संचार कहलाता है ।

अतः किसी सूचना, विचार या भावों का सम्प्रेषण बडी संख्या में होता है तो वह जनसंचार कहलाता है ।

जनसंचार की परिभाषा :

जनसंचार के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कई विद्वानो ने इस परिभाषा करनेका प्रयास किया है जिन्हें हम निम्न रूप से देख सकते है –

१) डॅनिस मैकबेल : "संचार को एक व्यक्ती से दूसरे व्यक्ती तक अर्थपूर्ण संदेशो के प्रेषण रूप में स्वीकार किया जा सकता है । कोई भी व्यक्ती संचार के बिना जी नही सकता ।"

२) एशले मौट्रंग तथा फ्लोएड : " वह असंख्य ढंग जिनसे मानवता से संबंध रखा जा सकता है केवल शब्दो या संगीत चित्र या मुद्रण द्वारा इशारो या अंग प्रदर्शन शारीरिक या पक्षियो के परो से सभी की आँख तथा कानो तक संदेश पहुचना जनसंचार कहलाता है ।"

३) ई.वी.शनमुगम : "ज्ञान अनुभव संवेदना विचार और यहा तक की अस्तित्व में होने वाले अभिनव परिवर्तानो की साझेदारी हि संचार है । साझेदारी की यह प्रक्रिया जनसंचार है ।"

४) रेड फिल्ड : "संचार तथ्यो तथा विचार धाराओ के मानव विनिमय का विस्तृत क्षेत्र है ।

५) श्री. राजेंद्र : "संचार या जनसंचार विचारो, सूचनाओ, उत्प्रेरक संकेतो के आदान प्रदान से ही हमारे समग्र जीवन मुल्यो और संस्कृती की संरचना होती है । इस

प्रकार संचार के मूल तत्व की हमारे जीवन में स्थापना किस तरह से होती यह स्पष्ट होता है ।"

६) लुंड बर्ग : "जनसंचार उस पारस्परिक क्रिया रूप को कहते है जो प्रतीको के माध्यम से घटीत होता है । ये प्रतिक , चित्रित, प्लास्टिक, मौखिक या अन्य किसी रूप में हो सकते है और किसी व्यवहार के लिए उद्दीपन का कार्य होता है । ऐसा व्यवहार जो व्यक्ती विशेष के विशेष दशाओंके अभाव में स्वयं प्रतिक द्वारा उद्घातीत नही हो पाता ।"

उपर्युक्त परिभाषाओंके अध्ययन के पश्चात यह स्पष्ट हो जाता है कि , विचार भाव , मत , तथ्य , संदेश आदि का उद्देश पूर्ण सम्प्रेषण तथा उसका जन पर होनेवाला निश्चित प्रभाव जनसंचार का स्वरूप है ।

### ७) जनसंचार माध्यम के प्रकार

अ) परंपरागत माध्यम :-

मानव आदिम काल से ही किसी न किसी रूप में अपने विचारों, भावों, संदेशों को प्रकट करता आया है। यहाँ पर परंपरागत जन संचार माध्यम अर्थात वह माध्यम जो प्राचीन काल से पिढी विकसित होते आए है किन्तु जो आज भी प्रभावी तथा क्रियाशील है । प्राचीन काल में जहा संचार के लिए विकसित तंत्र या प्रणालियाँ तीन अलग स्तरो पर प्रभावी रूप से कार्यरत थी ।

१) धार्मिक संचार माध्यम :

जनसंचार में अलग अलग धर्मगुरू द्वारा निर्मित संचार तंत्र प्रभावी रूप में सर्व प्रथम सामने आया । इसका कारण यह था की अनेक धर्मो के धर्म गुरु प्रसार, प्रचार हेतू

देश भर तथा विदेशो तक भ्रमण करते थे। धार्मिक संचार के मध्यामो में प्रवचन वार्ता, चित्र, शिल्प, संगीत आदि कलाओ का प्रयोग विहित था।

**2) राजसत्ता के संचार माध्यम :**

प्राचीन काल तथा मध्ययुग में विश्वभर में अनेक राजाओं तथा हुकुमशाहो का बोलबाला रहा है। राजाओं का जनसंचार तंत्र उनके शक्ती के अनुरूप हि प्रभावी राहा है। इनके संचार मध्यामो में राजाओं, सेनापतीयों के प्रशासनिक दौरे, दुतों के द्वारा संदेश भेजना आदि प्रमुख था। राजसत्ता में मुनादी भी एक सशक्त माध्यम था जिसमे ढोल या डूग्गी पिटकर राजाज्ञा या सूचनाओं को दिया जाता था।

**3) लोक संचार माध्यम :**

प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में संचार के तंत्रो का विकास दिखाई देता है। धार्मिक मेले, उत्सव तथा अलग – अलग प्रकार की लोककलाओ के माध्यम से जनसंचार का काम होता रहा है। लोकसंचार में लोकगीत, लोकनाट्य, लोक कलाये आदि परंपरागत प्रभावी संचार माध्यम रहे है जिनका प्रयोग आज भी प्रभावशाली ढंग से होता है। इनमे प्रचलीत मध्यामों को निम्न रूप से देख सकते है।

**१) लोक नाटक या रंगमंच** – सदियों से लोक रंगमंच विभिन्न संस्कृतियों में अलग-अलग रूपों में मनोरंजन का साधन रहा है। भारत में लोकमंच के अनेक स्वरूप मिलते हैं। यहां तक कि भारतीय संदर्भ में यदि लोक रंगमंच की सभी विधाओं को ध्यान से देखा जाए तो अनेक तत्व भी इन विधाओं में मिलते जुलते नजर आते हैं। लोक नाटकों में कहानी ज्यादातर पुराने मिथकों एवं किंवदंतियों से ली जाती थी। कलाकार कहानी कहने के लिए संवाद, संगीत तथा नृत्य तीनों कलाओं का इस्तेमाल करते थे।

भारतीय संदर्भ में शास्त्रीय कलाओं और लोक कलाओं के बीच लगातार आदान-प्रदान होता रहा है। लोक रंगमंच में भी शास्त्रीय रंगमंच की तरह विदूषक या सूत्रधार का प्रयोग होता रहा है। सूत्रधार एक ऐसा पात्र है जो बीते हुए कल को आज के साथ जोड़ता है। सूत्रधार दर्शक और अभिनेता के बीच कड़ी का काम करता है। सूत्रधार विविध लोकमंच शैलियों में विविध नामों से जाना जाता है।

२)तमाशा- महाराष्ट्र की ये लोकप्रिय नाटय कला अपनी कथा वस्तु में धार्मिक नहीं है। लेकिन इसमें अनेक बार जीवन का दार्शनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया जाता है। तमाशा पूरी तरह एक मनोरंजक शैली है। इसमें महिला पात्र अपने पति या प्रेमी के गुणगान मे गीत गाती है। कलाकार अपनी बात गीत, वार्तालाप और नृत्य के मिलेजुले रूप में करते हैं। तमाशा के बीच-बीच में लावणी और पोवाड़ा भी प्रस्तुत की जाती है। लावणी दरअसल महाराष्ट्र की ग्रामीण महिलाओं का नृत्य है। तेज लय पर गीत और नृत्य लावणी की विशेषता है। तड़क-भड़क वाली पोशाकों में लावणी कलाकार मादक और मनमोहक लगती है।

३)नुक्कड़ नाटक- नुक्कड़ नाटकों का जन्म अधिक पुराना नहीं है। दरअसल, बीसवीं सदी में अनेक जनसंगठनों ने लोक कलाओं की मदद लेकर नुक्कड़ नाटकों को लोकप्रिय बनाया। इन संस्थाओं में इप्टा का नाम प्रमुख है। नुक्कड़ नाटक मूल रूप से संस्थागत नाटकों के खिलाफ एक विद्रोह कहा जा सकता है। इप्टा नाटक को संभ्रांत लोगों के मनोरंजन का साधन की बजाए आम लोगों की समस्याओं के खिलाफ लड़ाई लड़ने के औजार के रूप में देखता था। इंप्टा ने नुक्कड़ नाटक के जरिये गावों में आम लोगों को विभिन्न मसलों पर जागरूक बनाया है।


४)लोक गीत – भारतीय समाज में जीवन के हर मौके के लिए गीत मौजूद है। जन्म, विवाह से लेकर मृत्यु के भी गीत गाये जाते हैं। ये लोक गीत ना केवल खुशियां और गम मनाने का साधन हैं बल्कि इनके जरिये भारतीय समाज अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रवाहित करता है। विवाह के अनेक गीतों में युवा लड़के-लड़कियों को वैवाहिक जीवन के लिए अनेक सीख दी जाती है।

**५)लोक कथा और लोक गाथा-** कथा कहने और प्रवचन देने की भारत में लंबी परंपरा है। जो आज भी बड़े-बड़े गुरूओं के रूप में जारी हैं। आल्हा-उदल के किस्से हों या फिर भागवत कथा आज भी खुशी के मौकों पर लोग अपने घरों में कथा वाचन के लिए ज्ञानियों को बुलाते हैं और अनेक दिनों तक बैठकर कथा सुनते हैं। ये वाचिक परंपरा है।

६)लोक कला – सभी प्रकार की लोक चित्रकला इस श्रेणी में आती हैं। ग्रामीण समाज में महिलाएं घरों को लीपपोत कर सजाती हैं। बिहार की मधुबनी पेंटिंग इस संदर्भ में उल्लेखनीय हैं। वहां महिलाएं घरों की दीवारों पर ये चित्रकारी करती हैं। हरियाणा में गोबर से सांझी का निर्माण भी लोक कला का एक उदाहरण है। राजस्थानी महिलाएं अपने घरों के बाहर विशेष प्रकार की सजावट करती हैं। इन सबके अलावा भी ग्रामीण जीवन में लकड़ी, कपड़े, लोहे और मिट्टी के सामान में जुलाहे, कुम्हार, खाती, सुनार आदि सभी लोग सदियों से ना केवल कलात्मकता को बचाये हुए हैं बल्कि वे कला असली सृजक और उपासक हैं।

आ) आधुनिक माध्यम :-

आज के युग मे जनसंचार माध्यामो के कई प्रकार सामने आते है|जिसमे मुख्यता: रेडिओ , समाचार , दूरदर्शन , कॉम्पुटर (संगणक )इंटरनेट आदी| मुद्रण कला के अविष्कार के कारण इस मे कई माध्यम जूड गये है|कई परंपरागत एवं आधुनिक माध्यम भी दिखाई देते है|हमे सिर्फ आधुनिक माध्यम कोही देखना है|




जनसंचार मानव की प्रगति के लिए अति महत्वपूर्ण है । यह विश्व के एक देश में बैठे लोगों को दूसरे देशों से जोड़ता है । आज मानव सभ्यता प्रगति की ओर अग्रसर है । इसका प्रमुख श्रेय संचार के आधुनिक साधनों को जाता है ।

संचार के क्षेत्र में मनुष्य की उपलब्धियों ने विश्व की दूरियों को समेटकर बहुत छोटा कर दिया है । प्राचीन काल में एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश भेजने के

लिए 'दूत' भेजे जाते थे जो प्रायः आवागमन के लिए घोड़ों आदि का प्रयोग करते थे। पक्षियों द्वारा संदेश भेजने के भी अनेक उदाहरण मिलते हैं। उस काल में एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश भेजने में महीनों लग जाते थे परंतु आज स्थिति पूर्णतः बदल चुकी है।

तार की खोज के साथ ही संचार के क्षेत्र में क्रांति का प्रारंभ हो गया। इसके द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक 'इलेक्ट्रॉनिक' यंत्रों की सहायता से तार के माध्यम से संकेत प्रेषित किए जाने लगे। इसके पश्चात् 'दूरभाष' के आविष्कार ने तो संचार जगत में हलचल ही मचा दी।

इसके द्वारा व्यक्ति घर बैठे सैकड़ों मील दूर अपने सगे-संबंधियों व परिजनों से बात कर सकता है। इसके साथ ही संचार को और अधिक सुचारू एवं सक्षम बनाने हेतु अनुसंधान प्रारंभ कर दिए गए।

वर्तमान में संचार के क्षेत्र में वैज्ञानिकों ने अद्भुत सफलताएँ अर्जित की हैं। कंप्यूटर के आविष्कार के बाद इस क्षेत्र में प्रतिदिन नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। संचार जगत में 'ई-मेल' की लोकप्रियता धीरे-धीरे बढ़ती ही जा रही है। ई-मेल के उपयोग या इससे होने वाले लाभ बहुआयामी हैं।

'ई-मेल' के माध्यम से विश्व के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति से हम संपर्क स्थापित कर सकते हैं। सबसे महत्वपर्ण बात यह है कि इसमें होने वाला खर्च बहुत कम है। दूरभाष द्वारा स्थानीय बातचीत में उपभोक्ता को जो खर्च देना पड़ता है उतने ही खर्च में ई-मेल द्वारा विदेशों में बैठे व्यक्ति को संदेश भेजे जा सकते हैं।

इलेक्ट्रोनिक मेल द्वारा लोग द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं । 'ई-मेल' के माध्यम से एक संदेश को हजारों लोगों को एक साथ भेजा जा सकता है । इस प्रकार हम देखते हैं कि 'ई-मेल' ने विश्व संचार के क्षेत्र को कितना विस्तृत कर दिया है ।

संचार के क्षेत्र में 'विडियो कांफ्रेंसिंग' भी वैज्ञानिकों की एक अद्भुत देन है । इसके माध्यम से दो या दो से अधिक व्यक्ति एक दूसरे से मीलों दूर रहकर भी आपस में वातचीत कर सकते हैं तथा साथ ही परदे पर एक दूसरे को देख भी सकते है ।

इसके अतिरिक्त 'फैक्स' मशीन के द्वारा कागज पर लिखे संदेशों को दूरभाष लाइनों की सहायता से दूर बैठे व्यक्ति को केवल कुछ ही सैकेंडों में भेजा जा सकता है । ई-मेल को फैक्स का ही उत्तम रूप माना जा सकता है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि मनुष्य ने संचार के क्षेत्र में असीम सफलताएँ अर्जित की हैं । आज इन्हीं सफलताओं व उपलब्धियों के कारण विश्व के सभी देशों का आपसी संपर्क बढ़ा है ।

भारत में बैठे हुए भी दुनिया के दूसरे कोने जैसे अमरीका में होने वाली घटनाओं से हम तुरंत अवगत हो जाते हैं । संचार के क्षेत्र में मानव की उपलब्धियों के कारण ही आज संपूर्ण विश्व की दूरियाँ सिमटकर अत्यंत छोटी हो गई हैं ।

संचार के साधनों के विकास ने अन्य क्षेत्रों में वाणिज्यिक प्रगति को अपेक्षाकृत सरल बना दिया है । आज व्यापार से संबंधित कार्य संचार के साधनों के बदौलत घर या कार्यालय में बैठे-बैठे संपन्न किए जा सकते हैं ।

## ८) जनसंचार माध्यामों का प्रभावी क्षेत्र समाचार लेखन

समाचार का सीधा सम्बन्ध मनुष्य की सतत जिज्ञासा से है। नया जानने की इच्छा ही समाचार का प्रमुख आकर्षण है और समाचार प्रायः हमें कुछ न कुछ नया ही देता है। जो कुछ नया होता है वह एक तरह से समाचार है और जो कुछ जानने की यह जिज्ञासा मनुश्य में सदा सर्वदा से रही है। नया जानने के लिए मनुश्य को अन्वेषक बनन पड़ता है। खोजी बनना पड़ता है, यात्राएं करनी पड़ती हैं, विश्लेषण करने पड़ते हैं, चीजों की गहराई में जाना पड़ता है, एक पत्रकार को भी यही सब करना पड़ता है। इस तरह जो कुछ नया है वह अगर समाचार है तो जो उस नए को प्रस्तुत कर रहा है वह पत्रकार है। भारतीय परम्परा में देवऋशि नारद को एक तरह से पहला पत्रकार इसलिए माना जाता है कि वो जहां जाते थे, दूसरी जगह का समाचार वहां पहुंचा देते थे। रामचरितमानस में हनुमान जब लंका से वापस लौटे तो उनसे सबसे पहला सवाल यही था कि वहां का समाचार क्या है ? महाभारत की कथा में संजय धृतराष्ट्र को युद्ध का जो हाल बैठे-बैठे सुनाते हैं वह एक प्रकार का समाचार ही है। हमारी चिटिठयों में भी प्रायः यह लिखा जाता है, यहां सब ठीक ही हैं, वहां के समाचार क्या हैं ?

जानने की हमारी इस जिज्ञासा को आधुनिक रूप में न्यूज या समाचार संतुश्ट करते हैं। अलग-अलग रूपों में कभी रेडियो के जरिए, कभी अखबारों के जरिए और कभी टीवी या अन्य आधुनिक माध्यमों के जरिए। समाचार प्राप्त करने के तरीके आज लगातार बदल रहे हैं और नए-नए तरीके विकसित होते जा रहे हैं लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि समाचार अथवा न्यूज का वर्तमान स्वरूप छपे हुए

अक्षरों और उन अक्षरों से पैदा हुए अखबारों की ही देन है। तरह - तरह की सूचनाओं, के मुंह से सुने यात्रा अनुभवों के विवरण, किस्से कहानियाँ और व्यापार की जानकारियों से आधुनिक पत्रकारिता की यात्रा आज नेट पत्रकारिता तक जा पहुंची है। लेकिन इनफोटेनमेंट के इस युग में खबर यानी न्यूज का महत्व सबसे ऊपर है और समाचार की यही विषेशता उसे आज सूचना क्रांति के इस दौर में भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनाए हुए है।

८.अ) समाचार का अर्थ एवं स्वरूप

समाचार यह शब्द अंग्रेजी के NEWS का हिंदी रुपांतर है|अंग्रेजी के NEWS शब्द की व्यत्पति दो रुपों मे मानी जाती है| प्रथम व्युपति के अनुसार NEWS न्या नूतन माना जाता है| दूसरी व्युत्पत्ति के अनुसार, NEWS , NORTH, EAST ,WEST ओर SOUTH के अद्याक्षरो से बना शब्द है|इस रूप मे उत्तर पूर्व, पश्चिम और दक्षिण चारो ओर की घटनाएँ समाचार है|

हिंदी शब्द समाचार सम+आ+चार+धय प्रत्यय के योग से बना है, जिसका अर्थ सम्यक आचरण के अनुरूप निष्पक्ष भाव से तथ्यो की प्रस्तुति है| संस्कृत मे समाचार के लिए वार्ता शब्द का प्रयोग होता है| मराठी मे बातमी कहा जाता हे| उर्दूमे अख़बार कहा जाता है| समाचार के उद्देश एवं स्वरूप को ध्यान मे रखते हुएं समाचार की कई परिभाषाएँ दी गई है|

क्या कभी आपने समाचार की प्रकृति एवं उसके अर्थ के बारे में विचार किया है। देश एवं सारे विश्व में घटित होने वाली विभिन्न घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए हर व्यक्ति रेडियो सुनता है, टी. वी देखता है एवं अख़बार भी पढ़ता है। ऐसा आप क्यों करते हैं ? इस प्रश्न के उत्तर में आप यही कहेंगे कि 'सूचनाएँ प्राप्त करने के

लिए'। सूचनाओं के अभाव में आप शेष विश्व से अपने आपको अलग-थलग पाते है । सूचनाओं की जानकारी के बिना आप अपने आप को समाज से नहीं जोड़ सकते हैं- न राजनैतिक रूप से, न सामाजिक रूप से और न आर्थिक रूप से। प्रायः कोई भी व्यक्ति सोमवार का समाचार शुक्रवार को पढ़ना पसन्द नहीं करता। क्यों ? हम किसी जानकारी या घटना को पुष्ट करने के लिए पुराने अखबार जरूर देखते हैं लेकिन सामान्य रूप से हम ऐसा प्रतिदिन नहीं करते। अतः समाचार वह है जो नवीन है और साथ ही साथ समाचार वह भी है जो हमें पूरे विश्व से जोड़ता है। जौन बोगार्ट की प्रसिद्ध परिभाषा से सभी परिचित होंगे जिसमें वे कहते हैं कि "कुत्ते ने आदमी को काटा यह समाचार नहीं है बल्कि समाचार यह है कि आदमी ने कुत्ते को काटा"। अर्थात कुछ असामान्य या असाधारण ही समाचार का हिस्सा होता है या समाचार बन सकता है। **सन् पत्रिका के सम्पादक समाचार को परिभाषित करते हुए लिखते हैं-** "समाचार हर वह घटना है जो पर्याप्त रूप से जनता का ध्यान आकर्षित करे और जनता से जुड़ी हो।" **न्यूयार्क वल्ड के प्रकाशक जोसेफ पुलित्जर के अनुसार-** "समाचार मौलिक, स्पष्ट, नाटकीय, रोमांस से परिपूर्ण, अद्भुत, अनोखा, विलक्षण, हास्यपूर्ण, असामान्य एवं उत्तेजित करने वाला हो, जिसके बारे में चर्चा हो सके।

**प्रो. विलियम जी ब्लेयर के अनुसार-** अनेक व्यक्तियों की अभिरूचि जिन बात में होती है वह समाचार है। सर्वश्रेष्ठ समाचार वह है, जिसमें बहुसंख्यक लोगों की अधिकतम रूचि हो।

**जार्ज एच. मैरिस के अनुसार-** समाचार जल्दी में लिखा गया इतिहास है। बूलस्ले और कैम्पवेल के अनुसार- समाचार किसी वर्तमान विचार, घटना या विवाद का ऐसा विवरण है, जो उपभोक्ताओं को आकर्षित करे।

ए. लाइल स्पेंसर के अनुसार- वह सत्य घटना या विचार समाचार है जिसमें बहुसंख्यक पाठकों की रूचि हो।

**न्यूयार्क टाइम्स के पूर्व प्रबन्ध सम्पादक के अनुसार-** समाचार, जिसे आप अभी आज जान रहे हैं और जिसे आप पहले नहीं जानते थे।

**डॉ. नन्दकिशोर के अनुसार-** समाचार पत्र का मौलिक कच्चा माल न कागज है, न स्याही- वह है समाचार। फिर चाहे प्रकाशित सामग्री ठोस संवाद के रूप में हो या लेख के रूप में, सबके मूल में वही तत्व रहता है जिसे हम समाचार कहते हैं।

**श्री खडिलकर के अनुसार-** दुनिया में कहीं भी किसी समय कोई भी छोटी-मोटी घटना या परिवर्तन हो उसका शब्दों में जो वर्णन होगा, उसे समाचार या खबर कहते हैं।

**प्रवीण के अनुसार-** पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित और रेडियो टेलीविजन जैसे इलैक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यमों में प्रसारित होने वाले समान महत्व के सार्वजनिक विचारों, घटनाओं और क्रियाकलापों के उस विवरण को 'समाचार' कहते हैं जिससे हमें किसी तरह की शिक्षा, सूचना अथवा मनोरंजन प्राप्त होने की अनुभूति होगी।

**विलीमय एस.माल्सबाई :-** "किसी समय घटीत होनेवाली उन महत्वपूर्ण घटनाओं के सही ओर पक्ष रहित विवरण को, जिसमे उस पत्र के पाठकों की अभिरुचि हो, उसे समाचार कहा जा सकता है|" – ४

**चिल्डन बुध के अनुसार –** " समाचार सामान्यतः वह उत्तेजक सूचना है जिसे कोई व्यक्ति चमत्कृत हो सकता है|" - ५

**डॉ. हरीमोहन के अनुसार –** "समाचार नवीनतम घटना अथवा कथन आदि का ऐसा ज्ञानवर्धक विवरण है जो महत्त्वपूर्ण, रोचक ,उत्तेजक तथा परिवर्तन का सूचक है|" – ६

इस प्रकार कहा जा सकता है कि समाचार नित नूतन परिवर्तन समसामायिक घटनाओं, अनजान तत्थो आदि से न केवल अवगत कराता है बल्की उन सबकी विस्तृत जानकारी भी प्रदान करता है|परिवर्तन की जानकारी देनेवाली कोई भी सूचना समाचार होती है|समाचार किसी ऐसी नवीनतम सामायिक घटना का निष्पक्ष कथन अथवा विवरण है,जो बहुसंख्य पाठको के महत्त्वपूर्ण ज्ञानवर्धक, रोचक ,उत्तेजक और परिवर्तन की सूचना देनेवाला है|समाचार का उद्देश है जनचेतना ,सूचना देना और मनोरंजन करना| आज समाचार एक नया आयाम बन कर जुडा है|

**समाचार के प्रमुख तत्व**

सामयिकता- किसी भी समाचार अथवा खबर को एकदम नवीन होने के साथ-साथ सही समय से जनसामान्य तक पहुँचना चाहिए।

स्थानीयता/निकटता- सामान्यतया पाठक वर्ग अपने आस-पास गाँव, कस्बे या देश की खबरों में रूचि रखता है, बजाय इसके कि खबर दूर की हो। साथ ही वह उन खबरों में ज्यादा रूचि लेता है जिसका उस पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है और जिन खबरों से वह अपना तारतम्य कर सकता है। उदाहरणार्थ- पाठक वर्ग वर्ग को महंगाई का मुद्दा, रुपये के अवमूल्यन अथवा बैंक के राष्ट्रीयकरण की अपेक्षा ज्यादा प्रभावित करता है।

वैशिष्ट्य- विशिष्ट लोगों के साथ जब कुछ घटित होता है तो वह भी समाचार का अहम् हिस्सा बन जाता है। लोग इस तरह की घटनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानने को आतुर हो जाते हैं।

विवाद, हिंसा अथवा संघर्ष- जब कभी गली मुहल्लों अथवा विभिन्न सम्प्रदायों में विवाद होता है तो जनसामान्य स्वतः ही इन विवादों से जुड़ जाता है। अतः सभी प्रकार के विवाद, हिंसा या संघर्ष भी खबर बन जाते हैं।

**सरकारी एवं राजनैतिक गतिविधियाँ**- समय-समय पर सरकारी गजट, कानून, बिल, एक्ट अध्यादेश नियमन आदि जिनसे आम जन प्रभावित होते हैं। अच्छी खबर बनते हैं। क्योंकि इन खबरों का सीधा असर लोगों के जीवन पर होता है और उनके निजी हानि-लाभ भी इससे जुड़े होते हैं।

**विकासशील परियोजनाएं एवं मुद्दे**- विज्ञान के क्षेत्र में किसी अन्वेषण का समाचार जिनसे किसी समुदाय या समाज के किसी हिस्से की जीवनशैली में बदलाव आता हो अथवा किसी असाध्य रोग की कारगर दवा की खोज का समाचार भी समाचार का महत्वपूर्ण तत्व है।

**मानवीय अभिरूचि**- ऐसी घटना जो साहस, शौर्य, हास्य, विजय, मनोरंजन, कौतूहल अथवा जिज्ञासा से भरपूर हो एवं ऐसा समाचार जो मानव-हित में हो और अनुकरणीय हो, अच्छा समाचार बन जाता है। पाठक ऐसी घटना अथवा सूचना को कौतूहल से पढ़ते हैं जो अन्य लोगों पर घटित हो रहा हो जैसे- खाप पंचायतों ने एक ही गोत्र में शादी करने पर पति-पत्नी को सजा देने का फैसला किया।

**मौसम एवं खेल**- चक्रवात, मानसून की पूर्व सूचना एवं खेल आदि भी समाचार के महत्वपूर्ण तत्व हैं।

**प्रतिक्रियात्मकता**- किसी घटना का समाचार के तौर पर आना फिर सिलसिलेवार उसकी ताजगी बनाए रखते हुए समाचार को सामयिक रखना समाचार की विशेषता बनता है।

## समाचारों का वर्गीकरण

1. **ठोस समाचार** - इस प्रकार के समाचार सीधे एवं सरल होते हैं ये वे समाचार होते हैं जिसमें घटना का सरल स्पष्ट और सही तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत किया जाता है।

इनमें तथ्यों को जैसे का तैसा प्रस्तुत किया जाता है, तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा नहीं जाता है। ऐसे समाचारों में दुर्घटनाएं दंगा, प्राकृतिक आपदाएं, आपराधिक घटनाएं, किसी महत्वपूर्ण खेल गतिविध की जीत-हार, लोकप्रिय व्यक्तियों के निजी जीवन की कोई आकस्मिक घटना आदि विशय प्रमुख होते हैं। अर्थात वे सभी घटना प्रधान समाचार जिनमें कोई वैचारिक उलझाव नहीं होता। इन समाचारों को लिखते समय संवाददाता के लिए यह आवश्यक होता है कि वह घटनास्थल, समय, सत्यता और स्पष्टता का ध्यान रखे।

घटना का क्या, कब, कहाँ, कौन द्वारा प्रस्तुतिकरण अर्थात यह इतने बजे यहाँ इसके साथ घटित हुआ, हार्ड अथवा ठोस समाचार का जरूरी हिस्सा है। कब, क्या, कहाँ (घटना के सम्बन्ध में) के साथ-साथ यदि क्या (WHAT), कहाँ (WHERE), कब (WHEN), कौन (WHO) आदि का संतोषजनक उत्तर यदि संवाददाता नहीं दे रहा है तो समाचार अपने में पूर्ण नहीं है। क्या (WHAT) का अभिप्राय है कि जो घटना घटी है और जिसकी जानकारी पाठक को दी जा रही है वह वास्तव में क्या है? यदि घटना का वर्णन स्पष्ट नहीं किया गया है या उसमें शाब्दिक उलझाव तो यह समाचार की सबसे बड़ी असफलता होगी। दूसरा बिन्दु है कहाँ (WHERE)। अनजाने में ही पाठक वैज्ञानिक तौर पर यह जानने का इच्छुक होता है कि जो घटना उसके सम्मुख लाई जा रही है वह कहाँ घटित हुई है। यदि स्थान का विवरण या घटनास्थल की निशानदेही स्पष्ट रूप से नहीं हुई है, तो इससे पाठक को संतुष्टि नहीं होगी और उसके मन में जिज्ञासा बनी रहेगी। उदाहरण के तौर पर अगर कोई समाचार लेखक खबर का आरम्भ करते हुए जनपद का नाम लिखता है और यह उल्लेख करते हुए कि अमुक जनपद के एक गाँव में अमुक घटना हुई यह अच्छी पत्रकारिता का उदाहरण नहीं है। तीसरा प्रमुख बिन्दु है

समाचार में प्रयुक्त कुछ ऐसे स्रोत सर्वसुलभ भी होते हैं जैसे जनसभा, रेडियो, टी.वी. कार्यक्रम, प्रेस कान्फ्रेंस, गोष्ठियाँ आदि। पर रिपोर्टर जब आम लीक से हटकर कोई खबर अपने विश्वसनीय संम्पर्क स्रोत की मदद से सामने रखता है तो उसका प्रभाव विशिष्ट हो जाता है। ऐसा सम्पर्क स्रोत कहीं भी और कोई भी हो सकता है। सरकारी तन्त्र में निजी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र में या व्यापार में कभी-कभी मन्त्री या किसी विशिष्ट अतिथि के ड्राइवर या किसी स्थान के चौकीदार आदि से मिली सूचनाएं भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। समाचार प्राप्त करने के मुख्य स्रोत हैं ।

**1. सरकारी स्रोत-**

संवाददाता के लिए सूचनाएँ प्राप्त करने का महत्वपूर्ण साधन सरकारी स्रोत हैं। राजधानी दिल्ली के अलावा विभिन्न राज्यों की राजधानियाँ और महत्वपूर्ण जिला मुख्यालयों पर सराकरी सूचना विभाग के कार्यालय कार्य करते हैं। इन कार्यालयों से सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सरकारी विभागों से भी समय-समय पर सूचनाएं और समाचार जारी किए जाते हैं। विभिन्न सरकारी विभागों से भी समय-समय पर सूचनाएं और समाचार जारी किए जाते हैं। इन सूचनाओं और आंकड़ों की छानबीन कर पत्रकार एक अलग और जनोपयोगी खबरें बना सकता है।

**2. पुलिस विभाग एवं अदालत-**

संवाददाताओं के लिए खबरों का सबसे बड़ा भण्डार होता है पुलिस विभाग। किसी भी आपराधिक घटना हत्या अथवा मारपीट के मामले, नशाबंदी और यातायात के उल्लंघन आदि के मामलों की जानकारी पुलिस विभाग के सम्पर्क में रहकर ही मिल सकती है। पुलिस के उच्चाधिकारियों से व्यक्तिगत सम्पर्क बना कर विश्वसनीय जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती है। पुलिस थानों में दर्ज मामले चलते-चलते अदालतों में पहुँच जाते हैं।

संवाददाता को इन मामलों में गहरी जानकारी प्राप्त करने के लिए अदालत के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सामान्य रूप से तो अदालतों में कई छोटे-छोटे दीवानी और फौजदारी मुकदमे चलते ही रहते हैं लेकिन ये सभी मुकदमे अखबार की खबर बनने की योग्यता नहीं रखते हैं। इनमें से जनसामान्य की अभिरूचि के मामले कौन से हो सकते हैं इसका निर्णय संवाददाता को अपनी चतुराई से करना चाहिए।

3. व्यक्तिगत स्रोत-

व्यक्तिगत सम्पर्क भी समाचार प्राप्त करने का प्रमुख साधन होता है। सांसद, मंत्री, सचिव और निजी सहायकों से अच्छे सम्बन्ध बनाने वाला संवाददाता कई बार गोपनीय और महत्वपूर्ण समाचार दूसरों से पहले ही ले आता है और लोगों को चौंका देता है।

4. अस्पताल व अन्य सार्वजनिक स्थान-

संवाददाताओं को प्रतिदिन के समाचारों को एकत्रित करने के लिए कुछ खास स्थानों की कवरेज करनी पड़ती है। अस्पताल भी ऐसा ही एक क्षेत्र है। शहर में जितनी भी हत्याएं, दंगे, दुर्घटनाएं या आत्महत्या आदि होती हैं उन सब की जानकारी अस्पताल से मिल सकती है। इसी तरह नगर निगम कार्यालय, आवास विभाग, प्रमुख बाजार, घटना स्थल, स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय, प्रमुख क्षेत्रीय संस्थान आदि इस तरह के अन्य स्थान हैं जहां से नियमित रूप से महत्वपूर्ण समाचार खोजे जा सकते हैं।

5. भेंटवार्ता-

भेंटवार्ता समाचार संकलन का ही एक माध्यम है। कभी-कभी भेंटवार्ता से नये समाचार निकल आते हैं। उदाहरणार्थ जब किसी महत्वपूर्ण नेता का साक्षात्कार लिया जाता है और वह अपनी भविष्य की कार्य योजना को बताता है तो ऐसे साक्षात्कार महत्वपूर्ण

हो जाते हैं। कभी-कभी सम्पर्क स्रोत स्वयं को आगे रखना चाहता है और कई बार सम्पर्क स्रोत मुसीबत में भी पड़ जाता है ऐसे में पत्रकार के लिए उसका ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। कभी-कभी स्रोत अपनी बात से पलट भी जाता है। इसलिए समाचार की विश्वसनीयता के लिए संवाददाता के पास स्रोत द्वारा कही या बताई गई बात के सबूत जरूर होने चाहिए। जिससे आवश्यकता पड़ने पर समाचार की सत्यता को सिद्ध किया जा सके। समाचार एकत्र करने में विशेषतया खोजी पत्रकारिता के दौरान सरकार/शासन से टकराव की स्थिति बनी रहती है। कोई भी राजनेता अपने जिन कायोरं् को सही समझता है एक पत्रकार जब उसकी असलियत जनता के समक्ष रख देता है और जनता राजनेता की नीतियों व कायोरं् की आलोचना करने लगती है और उस पर अपनी प्रतिक्रिया देती है। तो पत्रकार के लिए ऐसे राजनेता से सीधे टकरावं की स्थिति आ जाती है। पत्रकार को ऐसी स्थिति में विवेक से काम करना चाहिए और खबर की सत्यता पर दृढ़ रहकर स्थिति का मुकाबला करना चाहिए।

८.ब) समाचार निर्माण प्रक्रिया

**नंदकिशोर त्रिखा के अनुसार-** "जिस घटना मे सबसे अधिक दुस्साहसिकता , असम्भाविकता एवं गोपनीयता अनावरण तत्व होता है वह समाचार की जन अभिरुचि को अधिक बढा देता है| जैसे किसी सामान्य व्यक्तिने अतिसाहस का परिचय देते हुए अत्यंत असाधारण कार्य को अंजाम दे दिया हो या किसी लोक प्रसिद्ध व्यक्ती को चरित्र निष्ठापर पर्दे के पिछे दृश्हीन्ता का कोई अध्यय हो या किसी लोकसेवा संस्थान मे भ्रष्टाचार का कोई खुलासा| जन अभिरुचि मे अति औत्सुक्य के भावो को बढा देता है| प्रत्येक समाचार सभी व्यक्तियो के लिये महत्वपूर्ण नही होते| अखबारो का दायित्व

पाठको का मनोरंजन कर धन कमांना मात्र नही है| उनका कर्तव्य पाठको को घटनाओ और गतीविधियो से सूचित रखना और शिक्षीत करना भी है|" – ७

जनसंचार के किसी भी मध्यम के लिये समाचार का निर्माण निम्नलिखित चरणो से होकर गुजरता है| प्रथम चरण- समाचार संकलन , द्वितीय चरण- समाचार संपादन, लेखन चयन, पुनरलेखन आदि, तृतीय चरण-समाचार का प्रकाशन/प्रसारण ।

हम देखते है कि दरअसल प्रतिदिन हजारो लाखो घटनाए घटीत होती है| लेकीन सभी घटनाए समाचार नही बनती| समाचार घटनाओ का नं विवरण नही उसकी अपनी एक संरचना है| घटनाओ चयन और उनकी प्रस्तुति के कूछ तत्व या आधार है जिनसे घटना समाचार का स्वरूप धारण करती है|

१) प्रथम **चरण**

समाचार निर्माण के लिये प्रथम चरण है जो समाचार का संकलन इससे होता है|संकलन का यह दायित्त्व संपादक का होता है|जिसके लिए वे विभिंन्न संवाददाताओं की नियुक्ति करते है|विभिन्न समाचार समितीयों से समाचार प्राप्त करते है| समाचार के प्रमुख तीन स्त्रोत बनाये जाते है – १) प्रत्यशित स्त्रोत २) पुर्वानुमानीत स्त्रोत ३) प्रत्यशित स्त्रोत

१) प्रत्यशित **स्त्रोत** :- यह समाचार विश्वनीय ओर प्रामाणिक होते है|जैसे, हत्या,चोरी,बलात्कार आदि| इसका प्रत्यशित स्त्रोत पुलिस स्थाना है|जहाँ से संबंधित सामाचारों की विश्वसनीय एवं प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध होती है|

२) पुर्वानुमानीत **स्त्रोत** :- संवाददाता अपने अनुमान स्त्रोत तलाशता है जहाँ उसे समाचार मिलने की संभवना होती है| जैसे – बाढ, अकाल, महामारी आदि प्राकृतिक

आपदाएँ आदि स्थितियो का मुआयना करके पूर्वानुमानीत स्त्रोत से समाचार तैयार करते है|

३) अप्रत्यशित स्त्रोत :- किसी घटना का सुराग पाना अप्रत्यशित समाचार होते है|संवेदनशील ओर गडबडी पैदा करनेवाले समाचार होते है|ऐसे समय संवाददाता को बहुत ही मेहनत करनी पड़ती है| इसके संबंध में <u>डॉ.हरीमोहन लिखते है</u> – "रिपोर्टर का परिश्रम ,उसकी सुझ – बुझ समाचार सुँघने, खोजने ओर समाचार का पीछा करने की प्रवृत्ति एवं योग्यता आवश्यकता पड़ने पर समाचार गढ़ने की कला समाचार संकलन की मुख्य कसोटी है|" – ८

**२) द्वितीय चरण**

समाचार निर्माण प्रक्रिया में द्वितीय चरण के अंतर्गत समाचार संपादन अपनी भूमिका निभाता है|सामग्री का चयन, लेखन ,पूर्णलेखन, अनुवाद की भी जरुरत होती है|

१) **समाचार चयन** :-समाचार का चयन करते समय क्षेत्रीय , आंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलकूद, वाणिज्य व्यापार फिल्म आदि समाचारोका चयन करते है ।<u>**विनोद गोदरे**</u> इसके संदर्भ में लिखते :- "मुख्य उपसंपादक विभिंन्न समाचार स्त्रोतो से प्राप्त सामाचारों को उनके सामाचारिक मुल्यों के अनुसार विभिंन वर्गो में विभाजित करता है| जैसे भूगोल दृष्टी से राजनीतिक ,विज्ञान ,खेल ,व्यापार फिल्म तथा स्थानिय सामाचारों को अलग –अलग उपसंपाद्क को भिजवा देता है|समाचार चूनाव में प्रत्येक उपसंपाद्क को यथाशक्य अपनी आचार संहिता लोकहित तथा राष्ट्रहित का ख्याल रखना पडता है|साथ ही साथ उसे पत्र मालिक की नितीयों का ध्यान रखना पडता है|"-९

२) समाचार का लेखन/पुर्नलेखनः-

समाचार संपादन के पश्चात लेखस्थान, पत्र की नीति, माध्यम की आवश्यकता एंव समय को ध्यान में रखकर समाचार लेखन अथवा पुर्नलेखन किया जाता है। इससे पूर्व अन्य भाषा में प्राप्त समाचार का संबंधित भाषा में अनुवाद भी किया जाता है।

३) तृतीय चरण :- समाचार प्रकाशन एवं प्रसारण चरण माना जाता है जिसमें संपादक अपना समाचार प्रकाशन एंव प्रसारण करता है। समाचार प्रकाशन करते समय संपादक को छः:कार की आवश्यकता होती है उसीसे ही समाचार प्रकाशित होता है।

१.क्या – अर्थात क्या हुआ ?

२.कहाँ – अर्थात कीस स्थान पर हुआ ?

३.कब – अर्थात किस दिन ,किस समय हुआ ?

४.कौन – अर्थात किसके साथ हुआ ?

५.क्यों – किस कारण हुआ ?

६.कैसे – अर्थात किस प्रकार घटना हुई ?

समाचार उलटे पिरामिड शैली में लिखा जाता है। शीर्षक छोटा एंव आकर्षक होता है ।समाचार के अनुच्छेदों का आकार भी बहुत छोटा होता है ।क्योकि छोटे – छोटे अनुच्छेदों में निहित एक –एक तथ्य को पाठक आसानी से समझता ओर आत्मसात करता रहता है। शीर्षक, स्थान, तिथि, शेष समाचार से मिलकर प्रुफ रिडींगद्वारा तकनिकी रुपसे आई अशुध्दियाँ को दूर करके शुद्ध रुपमे समाचार निर्माण की प्रक्रिया होती है।

८.क) विश्वस्तर पर हिंदी समाचार पत्र की भूमिका :-

"मोरीशंस हो या सुरिनाम हो, हिंदी का वह तीर्थ धाम हो।
कोटि- कोटि के मन में गुखरित, हिंदी का विश्वभर में नाम हो।"

समाचार पत्र हर समाज की मौलिक आवश्यकता है| यह आवश्यकता आधुनिक नहीं है, अपितु जब से मानव समाज की इकाई का गठन हुआ तबसे ही इस आवश्यकता ने जन्म लिया था| यह कहना, की सामाजिक गठन की मौलिक आवश्यकता ही समाचार पत्र है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी | परंतु यह कहना भी अनिवार्य हो जाता है कि समाचार पत्र का प्रारूप समाज की आवश्यकताओं का प्रतिबिंब होता है| इसलिये प्रारंभिक मानव समाज के समाचार के संप्रेषण की शैली समाज के विकास के साथ ही विस्तृत होती गई | गाँव की चौपाल से आधुनिक साधन संपन्न समाचार पत्रों की यात्रा मानव की सामाजिक यात्रा है| गाँव की चौपाल जिसमें पडोसी अपना दु:ख- सुख एक दुसरों के साथ बाँटते है| यहि मानवतावादी जन्म गाँव के समाचार में हुआ है|

टोरंटो में हिंदी टाईम्स यह साप्ताहिक समाचार पत्र प्रकाशित होता है|इसलिये हिंदी पढने वालों की संख्या बढ गई| अगर विदेशी में हिंदी समाचार पत्रों के पाठक वर्ग का सर्वेक्षण किया जाय तो बडे आँकडे सामने आ जायेंगे | युवा वर्ग अधिक से अधिक हिंदी समाचार पत्र पढता है|महिला वर्ग की संख्या कम है क्योंकि वह घर संभालकर नोकरी संभालकर बचे समय में समाचार पत्र पढती है |

कॅनडा में भी हिंदी पत्रकारिता का भविष्य अधिक सुहाना है |वहाँ भी अनेक समाचार पत्र , साप्ताहिक पाक्षिक तथा मासिक पत्रिकाएँ निकलती है|

**मॉरिशस में हिंदी के समाचार पत्र**

मॉरिशस में हिंदुस्थानी समाचार पत्र प्रकाशित होता है| इस पत्र के सह कार्यकर्ता एंव संपादक एंडवर्ड होनिस जो मानवता के पक्षधर थे|इस समाचार पत्र में राजनीतिक तथा सामाजिक आलेख है|इस पत्रिकामें कूछ कविताएँ भी प्रकाशित हुई है|हिंदी प्रमियों के लिये यह पत्रिका एक मिल् का पत्थर बन गई है| मॉरिशस में हिंदी समाचार पत्र का प्रारंभ गांधीजीने ही किया था । हिंदुस्थानी समाचार पत्र १९१२ में जिसका प्रारंभ हुआ । १९२४ आर्य समाज के संचालको ने मोरीश्स आर्य पत्रिका का प्रकाशन किया उसके संपादक पं.काशिनाथ किश्ते थे । १९७६ में विष्णू दत्त मधु ने हमारा देश हिंदी पत्र का प्रकाशन किया । आज भी हिंदी प्रेमी महसुस करते है की हिंदी का समाचार पत्र निकले ता कि हिंदी का समाचार लोग चावसे पठन करे ।

अमेरिका में विश्वा, हिंदी जगत, विश्व विवेक, सौरभ, विज्ञान प्रकाश यह समाचार पत्र है। जपान में सर्वोदय, जपान भारती पत्रिका हिंदी में प्रकाशित हो रही है।

ओस्ट्रेलिया के निकट फिजी में हिंदी की अनेक पत्रिका प्रकाशित हो रही है। उसके साथ – साथ आकलेंड में भारत दर्शन नामक हिंदी की पत्रिका प्रकाशित हो रही है।

सुरिनाम में भी आनेक हिंदी की पत्र-पत्रिका एवं समाचार पत्र निकले जा रहे है।

गयाना मे अमर ज्योती और ज्ञानदा समाचार पत्र प्रकाशित होते है।

श्रीलंका में भी बालभारती; हिंदुस्थानी पत्रिका पडी जाती है। उसके साथ-साथ फिजी भी जागृती, फिजी समाज, जय फिजी आदि पत्रिका प्रकाशित हो रही है।

**८.ड) दूरदर्शन पर समाचार लेखन :-**

दूरदर्शन पर प्रसारित सामाचारों में सनसनिखोज खबरे सबसे रोचक होती है|हर कोई ऐसे सामाचारों में रुची लेता हे|सामाचारों का मुख्य हेतु

घटना के कारणों, परीणामों ओर गतीविधियो के बरे मैं दर्शको को न केवल सूचित करना होता है, बल्कि शिक्षित करना भी होता है | कई बार यह भी देखा जा सकता है कि एक घटना या समाचार एक ही चैनलपर काफी विस्तार से दिखलाया जाता है। आवश्यक नही है कि वही समाचार या घटना, दूरदर्शन के अन्य चैनल वाले भी उसी रुचाकता से दिखलाए। यह भी हो सकता है की, वह समाचार उस चैनल के लिए कोई माईने भी न रखता हो जैसे जया बच्चन ने एक फिल्म रिलीज होनेवाले कार्यक्रम में यह कहा था कि, - मै हिंदी भाषिक हू और हिंदीमें ही अपनी बात कहुंगी। मगर अलग अलग चैनलोंने इसका अर्थ अलग लेकर वाद बढाया गया।

दूरदर्शन पर समाचार प्रस्तुती का स्वरूप हर चैनल का अनुठा होता है। नाटकीयता, चीत्रात्माकता , समाचार को विश्वसनीय और महत्वपूर्ण बना देते है। डॉ.अर्जुन तिवारीजी ने संवादकी प्रस्तुती का महत्व बदलते हुए कहते है- "टीव्ही के समाचार वाचक को हम मात्र वाचक हि नही मानते, उन्हे न्यूज प्रेझेन्टरभी कहते है| समाचार वाचक ऐसा कुशल अभिनेता होता है जो दूरदर्शन के पर्दे पर विविध संवादोकी क्रमबद्धता , चीत्रात्माकता द्वारा प्रभाव पूर्ण प्रस्तुति पर विशेष जोर देता है। वाचक का व्यक्तित्व उसकी वाणी का उतार चढाव एवं मुस्कुराना , आंख झापकना , भौवो के तानने का प्रभाव समाचार पर पडता है। वाचक और नियंत्रण कक्ष के मध्य मंच प्रबंधक संपर्क सूत्र का कार्य करते है। समाचार के सारथी समाचार वाचक सामान्य आदिजन के लिए समाचार निर्माता, प्रस्तुत करता, संपादक सभी कुछ होता है।" – १०

दूरदर्शन पर पप्रसारित होने वाले समाचार के विभिन्न विषय होते है जैसे राजनीतीक, सामाजिक, धार्मिक,साहित्यिक ,सांस्कृतिक खेल समाचार, सिनेमा जगत, संसद , व्यवसाय, अपराध, दुर्घटना आदि। इसी तरह आतंकवादी हमलो की

सनसनीखोज खबर प्रसारित होती है ।२६ नव्हंबर २००८ की घटनाए , बोरवेल के गड्डे में गिरे प्रिन्स को गड्डे से बाहर जाने तक के विस्तृत समाचार को प्रसारित किया जाता है । नोयडा का चर्चित हेमराज और आरुषी हत्याकांड भी प्रस्तुत है । बोफोर्स कांड , राजीव हत्याकांड , तेलगी प्रकरण , चारा घोटाला , संसद पर हुवा हमला , शेयर घोटाला , आदि । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुस निर्मित एक यात्री हवाई जहाज उडान भरनेके तुरंत बाद राजधानी के पश्चिमोत्तर भाग में एक खेत में दुर्घटना ग्रस्त होकर १७० यात्रीयोंकी लाश का ढेर मिला ।महंगाई की मार, आसमान छुते भाव, दाल-रोटी खाओ नेताओ के गुणगान गाओ । क्रिकेटर , मंत्रियो , सितारो के भी समाचार दूरदर्शन पर होते है । अभिनेताओ का  मरना , गिरना , तबियत खराब होना, अस्पताल में भर्ती होना आदि।

**८.इ) रेडीओ (आकाशवाणी ) पर समाचार लेखन**

आज से १२० वर्ष पूर्व इटली के मारकेस गुगली में मारकोनी ने २ जून १८९६ को अपनी खोज वायरलेस टेलीग्राफी का पेटंट प्राप्त कर लिया और तब से लेकर आज तक संप्रेषण के इस माध्यम ने तरंगो के द्वारा अनंत आकाश में यात्रा करते हुये हमे इक्कीसवी सदि में पहुंचा दिया है । आकाशवाणी जनसंचार का शक्तिशाली माध्यम माना जाता है ।भारत में आकाशवाणी का मुद्रालेख <u>बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय</u> इसी लक्ष्य को चरितार्थ करता है । आकाशवाणी के लिए पढाई-लिखाई की जरुरत नही है । देश के कोनो में रहने वाला अनपढ भी यह आकाशवाणी समाचार सुनता है । और समझ भी लेता है ।दूरदर्शन के लिए धन चाहिए , अखबारे पढने के लिए भाषा आनी चाहिए , पढाई जरुरी है , परंतु आकाशवाणी में यह कुछ नही है । इसलिये आकाशवाणी आम आदमी से जुडा हुआ है । मनोरंजन , शिक्षा, सूचना , समाचार भी

ज्ञान – गीत संगीत सब कुछ इसमे होता है ।भारत की सभी बोली भाषा तथा प्रमुख भाषा में यह रेडीओ समाचार प्रसारित होते है । इस लिए जनसंचार का एक प्रभावी माध्यम रेडीओ बन गया है । भारत में व्यावसायिक स्तर पर पहला समाचार २३ जुलाई १९२७ को इंडियन ब्रॉडकोस्टिंग कंपनी के बंबई केंद्र से आरंभ हुआ था ।भारत में आकाशवाणी से प्रतिदिन सामाचारो के ३९ घंटे २९ मिनट समय के ३१४ बुलेटीन प्रसारित किये जाते है ।इन में ८८ बुलेटीन ग्रहसेवा के ४२ क्षेत्रीय एवं १३७ समाचार एक मिनट के है । देश और विदेश की २४ भाषाओ में ६५ समाचार बुलेटीन तथा २४ मुख्य समाचार एम.एम.चैनल पर सुनाये जाते है । आकाशवाणी का समाचार नेटवर्क अत्यंत व्यापक है ।पी.टी.आई , यु.एन.आई जैसी समाचार एजेन्सिया, आकाशवाणी के देश तथा विदेशो में स्थित संवाददाता , मोनिटरिंग या अनुश्रवण एकांश, पत्रसूचना कार्यालय, राज्यो के जनसंपर्क विभाग एवं विभिन्न संगठनो , राजनीतिक दलो तथा संस्थाओ की विज्ञप्तियाँ आदि विभिन्न स्त्रोतो से समाचार प्राप्त होते है ।

आधुनिक युग में रेडिओ , समाचार प्रसारण का सर्वाधिक शीघ्र संप्रेषित होनेवाला जनमाध्यम है । रेडिओ समाचार प्रायः संक्षिप्त होते है ।सत्यता , तत्परता एवं निष्पक्षता यह रेडिओ समाचार के श्रेष्ठ गुण भी है । समाचार बुलेटीन में देश विदेश के विभिन्न क्षेत्रो के विकास एवं प्रगती के बारे में सूचना प्रदान की जाती है । रेडिओ पर प्रसारित समाचार का श्रोता पर सीधा असर पडता है ।इसलिये प्रत्येक समाचार की गुणवत्ता जाँची जाती है ।और इसके प्रभाव पर विचार करने के बाद ही उसे प्रसारित किया जाता है ।समाचार के छः सिद्धांत क्या, क्यो, कहा , कब, कौन और कैसे का प्रत्येक समाचार में अति संक्षिप्त उल्लेख किया जाता है ।समाचार वाचक प्रत्येक शब्द की शुद्धता और उच्चारण का ध्यान रखता है । अपनी वाणी को उतार –

चढाव प्रवाहमयता गति के साथ समाप्ति लाता है । आज सारे संसार में भारतीय कम्युनिटी रेडिओ कुकुरमुत्ता के समान तेजी से बढ रहे है । अंतरराष्ट्रीय मिडिया कंपनीया , एशियाई प्रसारणोका आरंभ कर रही है । आज की युवा पिढी इनसे जुड सकती है , जिनका कार्य भारतीय केंद्रो जैसा होता है, जिसमे एक संवाददाता एवं प्रस्तुतकर्ता दोनो की भूमिका निभाना है । एक अन्य लाभ यह है कि, आज का युवा वर्ग भारत एवं भारतीय वातावरण में विदेश में अपना करिअर बना सकता है । आज का युवा कल का सफल रेडिओ समाचार प्रस्तुत कर्ता है । इसके लिए देश-विदेश में अनेक संस्थाएँ उपलब्ध है ।

**८.ई)आधुनिक परिप्रेक्ष में समाचार लेखन**

नित्य नये समाचार चैनलो , समाचार पत्रिकाओ का शुभारंभ भारत में समाचार मिडिया के तीव्र विकास का सूचक है । पत्रकारिता से आरंभ हुआ यह सफर देखते ही देखते प्रेस , मिडिया, न्यूज मिडिया इ.पत्रिका तक विस्तार पा चुंका है । घटना और जनमानस के बीच महत्वपूर्ण सेतू बनाने वाले पत्रकार , संपादक , समाचार-प्रस्तोता बाजारवादी शक्तीयों के हाथो की कठपुतली बन कार्य करने को विवश है । संचार प्रक्रिया में सूचना क्रांती के प्रभाव स्वरूप सामाचारो की नयी परिकल्पना विकसित हुई जो जनमानस को सूचना, ज्ञान, बौद्धिक – समृद्धी प्रदान करने के लिए कृत संकल्प नही है । समाचार आज पूर्णतया मनोरंज़न का पर्याय बन चुका है । समाचार व सूचनाओ के समस्त अंगो, मध्यामो का उद्देश्य जो कल तक शिक्षण, ज्ञान, स्वस्थ जनमत निर्माण, मार्गदर्शन था, ज्ञान-शिक्षा-मनोरंजन का आदर्श समन्वय भी था, प्रगतीशील विचरों का प्रचार-प्रसार था, आज व्यावसायिक दबावो के जलते स्वान्तः सुखाय, धन कमाने के विकल्प मात्र के रूप में रह गया है ।

यह दौर नई पत्रकारिता का है । वैश्विकरण , भूमंडलीकरण जैसे नारो से सुसज्जित आधुनिक मिडिया उपभोक्ता वाद की प्रचारक ही नही बनी वरन गली कुचो , शहरो- कस्बो के पल प्रती पल की खोज – खबर रखने में भी आज सक्षम है । नयी तकनीक, नये प्रयोगो के परिणाम स्वरूप विश्व के किसी भी कोने से सामाचारो को प्राप्त करना , चुटकीयों में समाचार प्रस्तुत करणे योग्य बनाना, समाचार संग्रहन सरल हो गया है । इलेक्ट्रॉनिक माध्यमो ने इस तकनिकी कौशल का उपयोग करते हुये सामाचारो कुशल संयोजन, प्रभावशाली संप्रेषण किया है ।

सामाचारो का महत्वपूर्ण होना आज आवश्यक नाही है वरन दर्शक / श्रोता किन सामाचारो में रुची अधिक दिखलाएंगे यह अधिक महत्व पूर्ण हो गया है । स्वस्थ समाज, स्वस्थ सोच को लेकर साकार करने के लिए माध्यमो का सशक्त और सकारात्मक ढंग से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है । पर आज इस प्रकार की इच्छा शक्ति का अभाव है । अविश्वसनीय तत्थो का घालमेल सामाचारो को चटपटां , मसालेदार बनाने की कोशिश उनकी पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है । सामाचारो का दुरुपयोग जनभडकाऊ बयानवाजी , आपत्तीजनक तत्थो , जान बुझ कर विवाद उत्पन्न कर प्रसिद्धी पाने की अंशाओ से समाचार के स्तर में निरंतर गिरावटआई है । वास्तव में हम आज प्रोफेशनल पत्रकारिता के दौर में जी रहे है । स्वाभिमानी आदर्श पत्रकारो के लिए पत्रकारिता की राह कठीन कर दी जाती है । चुनावी मौसम में समाचार ढाँचे को सुविधानुसार बेच कर चुनाव राजस्व उगाही का माध्यम बन समाचार मिडिया उम्मिद्वार के पक्ष में जनमत तयार करने,जनता को भ्रमित , गुमराह करने का कार्य बखुबी करती है । सामाचारो के पुरे पृष्ठ राजनीती , आपराधिक छवियो के महिमा गान से रंग दिये जाते है । समाज के स्वस्थ दिशा –

निर्देश देने , जाग्रत करने में महत्वपूर्ण , सशक्त भूमिका निभाने वाले जनमाध्यम ही दागी चारीत्रो का यशोगान करने लगे तो समाचार -- तंत्र की प्रासंगिकता , उपदेयता कैसे सिद्ध की जा सकेगी? आज आधुनिक परीदृश्यो में द्रौपदी का चीरहरण, रावण की चिता, अशोक उपवन में सीता की कुटीया की बात उठाना प्रासंगिक नही है और नही २१ वी सदी में शस्त्र पूजन जैसी कवरेज । प्रासंगिक बने रहने के पैमाने निरंतर बदलते रहते है । समाचार मिडिया का आचरण इन्ही कसौटीयों पर खरा उतरे तभी उसकी प्रासंगिकता सिद्ध होगी ।

८.उ) समाचार लेखन की भाषा

भाषा निरंतर बदलती है उसका बदलते रहना , उसकी नियती , प्रकृती और समृद्धी है । सूचना प्रसारण के उद्देश्य से जन – समाचार तैयार करने वाले अखाबारो की भाषा पर हम गौर करे तो हैरानी होती है कि हमारे धन – बल के सारथी अखाबारो के मालिक और उनकी नौकरी करनेवाले हमारे संपादक और पत्रकार मित्रो की सोच को क्या हो गाय है ? क्यो वो हिंदी के अखबारो को अंग्रेजी का अखबार साबित करने को कटिबद्ध है? अंग्रेजी आज भी रोजी-रोटी की भाषा मानी जाती है । अखबार की भाषा सरल , सुबोध और सुगम्य होनी चाहिए इसके लिए कुछ अंग्रेजी शब्दो का आ जाना जैसे ट्रेन, टिकट, पोस्ट ऑफिस आदि स्वाभाविक है । भाषा चाहे कौनसी भी हो समाचार पत्रोंका एक लक्ष्य जनता की भावनाओ को समझना और उन्हे अभिव्यक्ति देना है ।

आजादी के लगभग छः दशक पहले से ही हमारे पास समाचार पत्रोकी एक समृद्ध विरासत है । स्वाधीनता संग्राम के दौरान भारतीय मनीषा ने अपना बौद्धिक संघर्ष पत्र-पत्रिकाओ के मध्यम से ही आरंभ किया । देश में उन्निसवी शती के आरंभ

के साथ मुद्रण का इतिहास आरंभ होता है ।और वह सीधे समाचार पत्रो से जुड जाता । इतिहास के उस मोड पर जब भारत का जन मानस मातृभूमी को दासता के बंधनो से मुक्त करने के लिए विकल था, समाचार पत्र ही थे जिन्होने चेतना के समवेत स्वर को वाणी प्रदान कर हस्तक्षेप की भूमिका निभायी थी । अच्छी खबरो के साथ समाचार – पत्रो की भाषा का बेहतर इस्तेमाल जरुरी है ।हिंदी के समाचार पत्रो का सांस्कृतिक और बौद्धिक जडो को गहराई तक ले जाने का प्रयत्न करना होगा तभी भाषाई एवं मानवीय पक्ष मजबूत होंगे । समाचार लेखन की भाषा सुसंस्कृत , समृद्ध , सभ्य एवं सुंदर होनी चाहिए ।उच्च अभिरुचि के साहित्य का निर्माण , विभिन्न भाषिक प्रयोगो का उपयोग कर अभिव्यक्ती को अधिकाधिक संपन्न और उन्नत स्वरूप में प्रकट करना यह प्रगती का मानक है । अधिक से अधिक लोगों को सहजता से समाचार समझे इसलिये सरल भाषा का प्रयोग होना जरुरी है।साहित्यिक भाषा और कल्पना का कमसे कम उपयोग और सीधे-सहज शब्दो में कौन , कहा, क्या कब,और क्यो इन छ: प्रश्नो के उत्तर में समाचार को प्रस्तुत करने का तरिका अपनाना चाहिए ।

इतिहास गवाह है कि खबरो का जन्म उन्निसावी सदी के प्रारंभ मे अमेरिका के दो अखबर न्यूयॉर्क वल्ड ओर सन फ्रान्सिको एक्जामिनर के बीच प्रतियोगिता के चलते शुरू हुआ इतिहास इसके लिए भी साक्षी है कि ब्रिटेन में समाचार गाठणे ओर निर्मित करणे का श्रेय सन ओर टेलिग्राफ नामक साध्य दैनिक की है। भारत वर्ष मे समाचार निर्माण का श्रेय फिल्म पत्र करिता को जाता है। समाचार निर्माण में एकनाथ रूप भडाफोड पत्रकारिता के द्वारा देखणे को मिल राहा है। इसका जन्म अस्सी के शतक मे हुआ है।

जनता का आवाज ममाचार होने के कारण समाचार का महत्व बढता जा रहा है। पाठको को आकृष्ठ करने वाले समाचार देखने को मिल रहे है। दुर्भाग्य से आज के परिप्रेक्षक में समाचार से आम जनता का विश्वास उठ गया है। कभीकभी लगता है - कि समाचार सच है यायगलत इसके बारे मे सोचना पडता है। ऐसे समाचारो कि संख्या नगण्य है। अधिकांश रूप मे ज्यो देखा नही है। सुना नही है ऐसी घटनाओ का अंकन हि समाचार मे होता है। लोगो कि विशेष रुची समाचार देखने तथा सुनने मे होती है। सामाजिक बातो पर प्रकाश डालने का सफल कार्य समाचार के द्वारा होता है। जनमन तयार करने मे समाचार का स्थान उल्लेखनीय है। सामाजिकतिकसांस्कृतिक धर्मिक,आर्थिक,राजकीय स्थान याह सच है कि समाज को नी दिशा देणे मे समाचार का विशेष महत्व है।

सामाचारो में कभीगैर सबंधित बातो की जानकारी दी ,अधुरी ,कभी गलत-जाती है। यह आज का दुख सत्य है:। समाचार माध्यम सामाजिक प्रतिबद्धता के बारे में आसवासन है। यह कभी भी आपका कहना भोलापन ही रहेगा बाजारीक का भयावह परिणाम मिडीयावर भी हि रहा है। राष्ट्रभक्ती का जुनून समाचार में देखने को कितना महत्व पूर्ण बन गया है। वैचारीकता से ज्यादा व्यवसाइकता समाचार में दिखाई जा रही है। अफसोस जनक तथा मजेदार बात है की दिनरात समाचार देखने सुनने को मिलते है किंतु ब्रेकिंग न्यूज में हंगामा ही शुरू किया है। समाचार देनेवाले चैनलो की संख्या बढ रही है। सुदृढ तथा स्वस्थ समाज बनानेके लिये समाचार की आवश्यक्यता है। समाचार मसालेदार हो राहा है। परिणाम स्वरूप अधिक स्वादिष्ट हो रहे है। व्ही स्वाद जनता की चर्चा का विषय बन गया है। समाचार में नयापन होने की नितांत अवश्यक्यता है। सामाजिक सरकार से जुडी खबरे अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद

करनेवली खबरे समाचार डायरे के बाहर जा रही है। समाचार अपने दायित्व से भटकना नही चाहिए। हर मोड पर समाचार का नकारात्मक माहैल पैदा नही चाहिए। समाचार का नैतिक मुल्योंसे मुह मोडना सामाजिक स्वास्थ के खिलाफ होगा।

मानवी सभ्यता का एक अभिन्न अंग है भाषा , एक ऐसी प्रणाली जिसका उपयोग मानवी अभिव्यक्ती, सूचना एवं ज्ञान कि प्रक्षी संवर्धन ओर प्रक्षेपण के लिये अत्याधिक प्रभावी है। भाषा का उद्गम, विकास, उपयोग पद्धती ओर परिणामकारकता के अध्ययन कि एक स्वतंत्र ज्ञान शाखा भाषा विज्ञान के रूप मी अस्तित्व मे है। संप्रेषण शास्त्र मी भाषा को संप्रेषण प्रक्रिया के मुलभूत, प्राथमिक एवं अधिकतम उपयोग में लाये जानेवाले माध्यम कि श्रेणी दी गायी है। सूचना प्रोद्यागीकी का परिणाम भी भाषा के उपयोग होना हुआ दिखाई देता है। यही भाषा समाचार लेखन कि होती है।

संवाद किसी भी जिवीत प्राणी कि नैसर्गिक कृती होती है। मौखिक माध्यम से गुजारकर भाषा जब लिखित माध्यम मे उपयोग मे लायी जाने लागी तब मानवी समाज लिखित माध्यम का उपयोग करणे कि क्षमता वाले तथा ऐसा क्षमता न होणे वाले दो गुंटो मे बट गया लिखित माध्यम मे संस्कृत, समृद्ध,सभ्य एवं सुंदर भाषा का प्रयोग वह प्रगत मानव कि पहचान थीं। सूचना प्राद्योगिक का समाचार कि भाषा पर इरगमी एवं स्थायी परिणाम स्पष्ट दिखाई देते है कि भाषा कि अभिवृद्धी कारक काम ओर अबनातीकारक अधिक है। समाचार के सीधे प्रसारण के चालते समय समाचार कि भाषा मे अपूर्ण भूतकाल के स्थानपर अपूर्ण वर्तमानकाल का प्रयोग होना प्रारंभ हुआ है।

हिंदी अखवारो कि भाषा एक नाय रुपायन भर रही है। यह भाषा ओ का सांस्कृतिक संकट है। समस्या हिंदी कि नही है। न समाचार पात्रो की। समस्या हिंदी मे

हिंदी संबंधी चिंतन कि है सम आचार कि है। भाषाई अखबार मूलतः जनसामान्य से जुडकर असामान्य तत्यो को रोशन करते है जायक अंग्रेजी अखबरो मे हिंदुस्तान कि तस्वीर कि जांगह इंडिया के कारनामे भरे होते है। लोकतंत्र के चश्मे से देखे तो भाषाई अखबर अंग्रेजी अखबरो की तुलना मे कही अधिक बडे लोक को अपने भीतर समेटने है। उनका पाठक वर्ग अलग है। अच्छी खबरो के साथ समाचार पात्रो कि भाषा का बेहतर इस्तेमाल जरुरी है। तभी भाषाई एवं मानवीय पक्ष मजबूत होंगे ।

समाचार कि भाषा केसी हो, इस बात को लेकर समय-समय पर मतभिन्नता रही है। प्राचीन ओर वर्तमान कि समाचार कि भाषा मे काफी भिन्नता दिखाई देती है। अलग-अलग होती है। जेसे राजनीतिक सामाचारो कि भाषा सामाजिक सामाचारो कि भाषा, खेळ, फिल्म, पाठको के पात्रो कि संपादकीय लेखो कि, साहित्यिकरोंकी भाषा अलग-अलग होती है।

उदाहरण के तोटे पर हिंदी के दो दैनिको-नवभारत टाईम्स ओर नवभारत को लिया जा सकता है। नवभारत मे नहाँ हिंदी के सरळ शब्दो का इस्तेमाल किया जाता है वही नवभारत टाइम्स मे हिंदी ओर अंग्रेजी शब्दो का मिश्रण दिखाई देता है। दोनो समाचारो का अपना-अपना तकी है। इसलिये समाचारो की भाषा ऐसी होनी चाहिये जो पाठको अथवा श्रोतओ का तुरंत समझ ने में अपना समय गवाने से बचना चाहता है। 'दोपहर का सामना' समाचार पत्र के वरीष्ठ पत्रकार राजेश विक्रांत जी समाचार भाषा के वारे मे लिखते हे-समाचारो में जबरण हिंदी अथवा कठीण शब्दो का इस्तेमाल करणे के वजाये आम बोलचाल कि भाषा का इस्तेमाल करणा चाहिये। नवभारत समाचार कि भाषा के वारे में कहते है समाचारो कि भाषा सरल ओर शुद्ध होनी चाहिये जीससे कम पढा-लिखा व्यक्ती भी आसनी से समझ सके ओर जीससे जनमानस को लाभ पहुंचे ।

८.ऊ) उपसंहार

इतिहास गवाह है कि खबरो का जन्म उन्निसावी सदी के प्रारंभ मे अमेरिका के दो अखबर न्यूयॉर्क वल्ड ओर सन फ्रान्सिको एक्जामिनर के वीच प्रतियोगिता के चलते शुरू हुआ इतिहास इसके लिए भी साक्षी है कि ब्रिटेन में समाचार गाठणे ओर निर्मित करणे का श्रेय सन ओर टेलिग्राफ नामक साध्य दैनिक की है। भारत वर्ष मे समाचार निर्माण का श्रेय फिल्म पत्र करिता को जाता है। समाचार निर्माण में एकनाथ रूप भडाफोड पत्रकारिता के द्वारा देखणे को मिल राहा है। इसका जन्म अस्सी के शतक मे हुआ है।

जनता का आवाज समाचार होने के कारण समाचार का महत्व बढता जा रहा है। पाठको को आकृष्ठ करने वाले समाचार देखने को मिल रहे है। दुर्भाग्य से आज के परिप्रेक्षक में समाचार से आम जनता का विश्वास उठ गया है। कभी-कभी लगता है कि समाचार सच है या यगलत इसके बारे मे सोचना पडता है। ऐसे समाचारो कि संख्या नगण्य है। समाचारो मे देश-विदेशों की गतीविधिया, खेल, साहित्य, व्यापार, परिवार, चीकीस्ता,विज्ञान तंत्रज्ञान, मेले, पर्व, उस्तव, त्योहार, भूकंप, बाढ, श्रमिक, कृषक, राजनिति. विज्ञापन, नोकरी पेक्षा व्याकी, फॅशन, सेक्स अदिका अंकन महत्वपूर्ण है।

अधिकांश रूप मे ज्यो देखा नही है। सुना नही है ऐसी घटनाओ का अंकन हि समाचार मे होता है। लोगो कि विशेष रुची समाचार देखने तथा सुनने मे होती है। सामाजिक बातो पर प्रकाश डालने का सफल कार्य समाचार के द्वारा होता है। जनमन तयार करने मे समाचार का स्थान उल्लेखनीय है। सामाजिक, राजकीय, आर्थिक, धर्मिक, सांस्कृतिक स्थान उल्लेखनीय है। याह सच है कि समाज को नी दिशा देणे मे समाचार का विशेष महत्व है। सामाचारो में कभी-कभी गलत, अधुरी, गैर सबंधित बातो

की जानकारी दी जाती है। यह आज का दुःख सत्य है। समाचार माध्यम सामाजिक प्रतिबद्धता के बारे में आसवासन है। यह कभी भी आपका कहना भोलापन ही रहेगा बाजारीक का भयावह परिणाम मिडीयावर भी हि रहा है। राष्ट्रभक्ती का जुनून समाचार में देखने को कितना महत्व पूर्ण बन गया है। वैचारीकता से ज्यादा व्यवसाइकता समाचार में दिखाई जा रही है। अफसोस जनक तथा मजेदार बात है की दिनरात समाचार देखने सुनने को मिलते है किंतु ब्रेकिंग न्यूज में हंगामा ही शुरू किया है। समाचार देनेवाले चैनलो की संख्या बढ रही है। सुद्दढ तथा स्वस्थ समाज बनानेके लिये समाचार की आवश्यक्यता है। समाचार मसालेदार हो राहा है। परिणाम स्वरूप अधिक स्वादिष्ट हो रहे है। यही स्वाद जनता की चर्चा का विषय बन गया है। समाचार में नयापन होने की नितांत अवश्यक्यता है। सामाजिक सरकार से जुडी खबरे अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करनेवली खबरे समाचार डायरे के बाहर जा रही है। समाचार अपने दायित्व से भटकना नही चाहिए । हर मोड पर समचार का नकारात्मक माहैल पैदा नही चाहिए । समाचार का नैतिक मुल्योंसे मुह मोडना सामाजिक स्वास्थ के खिलाफ होगा । जनसंचार माध्यमो का प्रभावी क्षेत्र समाचार लेखन माना जाता है । सामाचारो के विविध आयाम पर चर्चा करने से पहले हमे मिडिया नामक शब्द से गुजरना ही होगा । मिडिया समाचारोका मूल स्त्रोत है । इसी से ही समाचार की तमाम धाराए प्रवाहित होती है । हमारे रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न अंग बना है । आज के समाचारो में अंतरराष्ट्रीय , राष्ट्रीय और स्थानीय वे मुद्दे है , जिससे देश की जनता प्रभावित हो रही है । अब हर मुद्दो पर समाचारो में लोगों से सीधा संवाद स्थापित हो रहा है एस.एम.एस., इ-मेल से जनता की राय प्राप्त हो रही है । इसलिये यह जन संचार माध्यम मे प्रभावी बन गया है ।

# ९).संदर्भ ग्रंथ सूची


१. अकबर इलाहाबादी – शेर –

२. समाचार बदलता स्वरूप उभरते आयाम ( पत्रिका) पृ.०५

३. लुण्डबर्ग :- MASS COMMUNICATION

४. जे.जमादार ए.एच.: प्रयोजन मूलक हिंदी पृ.१४७

५. वही. ६. वही.

७.नंदकिशोर त्रिखा – समाचार संकलन और लेखन पृ.०७

८.डॉ.हरीमोहन – समाचार फिचर लेखन एवं संपादन कला पृ.२६

९.डॉ.विनोद गोदेरे – हिंदी पत्रकारिता का स्वरूप पृ.११७-११८

१०.डॉ.अर्जुन तिवारी – जनसंचार और हिंदी पत्र्रकारिता पृ.११६.


## अन्य ग्रंथ


१. डॉ. अर्जुन तिवारी- आधुनिक पत्रकरिता, विश्वविधालय प्रकाशन.

२. डॉ. जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी – हिंदी पत्रकरिता के किर्तिमान, साहित्य संगम प्रकाशन.

३. डॉ सुशीला जोशी – हिंदी पत्रकरिता विकास ओर विविध आयाम, राजस्थान ग्रंथ आकादमी.

४. डॉ. रामचंद्र तिवारी – पत्रकरिता के विविध रूप, आलेख प्रकाशन दिल्ली.

५. अंबिका प्रसाद वाजपेयी -- समाचार पत्र कला, हिंदी समिती उत्तर प्रदेश.

६. वेंकटलाल ओझा – हिंदी समाचार पत्र निर्देशिका, हैद्राबाद प्रकाशन.